Consumer Price Index Number on base 1960—100 went up from 248 for September 1973 to 334 for September 1974.

(b) Schemes of dearness allowance providing for automatic/periodical increases in dearness allowance to compensate for the increases in the Consumer Price Index Numbers are in force in almost all major industries.

### मध्य प्रदेश में खनिज निक्षेप

514. **श्री विद्या चरण दीक्षित** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के कितने काम स्थानों पर खनिज निक्षेप मिलने की संभावना है ; और

(ख) केन्द्रीय सरकार ने किन-किन स्थानों तथा क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया है ?

**इस्पात और खान मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुखदेव प्रसाद)** : (क) और (ख). खनिजों की खोज एक सतत प्रक्रिया है जो क्रमवद्ध-वैज्ञानिक मानचित्रण से शुरु होती है। मानचित्रण के दौरान ज्ञात सम्पन्न क्षेत्रों में विशिष्ट खनिज अन्वेषण किया जाता है। मध्य प्रदेश के काफी बड़े भाग में पहले ही क्रमबद्ध मानचित्रण किया जा चुका है, जिसके आधार पर अनेक खनिज अन्वेषण किए जा चुके हैं। महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नलिखित हैं : —बालाघाट जिले में तांबा—अयस्क; शाहडोल, मांडला विलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, बालाघाट तथा जबलपुर जिलों में बाक्साइट बस्तर दुर्ग तथा जबलपुर जिलों में लौह अयस्क; बालाघाट जिले में मैंगनीज,अयस्क, बस्तर, विलासपुर, दुर्ग, जबलपुर, रीवां, रायपुर तथा सतना जिलों में चूना पत्थर ; बस्तर, विलासपुर, दुर्ग, जबलपुर तथा झाबुआ जिलों डोलोमाइट दुर्ग जिले में फ्लूराइट, सिधी जिले में सिलीमैनाइट तथा कोरण्डम; झाबुआ जिले में फासफोराइट, विभिन्न जिलों में कई स्थानों पर चीनी-मिट्टी और अग्निसह मिट्टी तथा सिधी, छिन्दवाड़ा, बेतुल, नरसिंहपुर, शाहडोल तथा सरगुजा जिलों में कोयला।

### भिलाई इस्पात संयंत्र में यूनियनों में पारस्परिक विरोध

515. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनियनों में पारस्परिक विरोध है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**इस्पात और खान मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुखदेव प्रसाद)** : (क) और (ख). जैसा कि मध्य प्रदेश औद्योगिक सम्पर्क अधिनियम में व्यवस्था है भिलाई इस्पात कारखाने में केवल एक ही यूनियन को मान्यता प्रदान की गई है। बहुत सी गैर-मान्यता प्राप्त यूनियने भी हैं। विभिन्न यूनियनों में आपसी प्रतिद्वन्दिता है। मान्यता प्राप्त यूनियनों में भी दो दल हैं। किसी कारखाने विशेष में यूनियनों की आपसी तथा आन्तरिक प्रतिदवन्दिता के मामले में सरकार कुछ नहीं कर सकती।

### Violation of Simla Agreement by Pakistan

516. SHRI ISHWAR CHAUDHRY: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state the provisions of the Simla Agreement violated by Pakistan from time to time in the past?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI BIPINPAL DAS): In general. the development which has caused the widest concern in this context is the dissemination of hostile propaganda in the press and on the radio.

During the Foreign Secretary level meeting at Islamabad in September 1974, an understanding was reached whereby respective Radio Broadcasting Stations would, from November 1, 1974, no longer disseminate hostile items based on reports published in the domestic or foreign press. Violations of Simla Agreement are immediately taken up with Pakistan Government.

**चुनावों के दौरान भारतीय वायु सेना के विमानों/हैलीकाप्टरों का उपयोग ।**

517. **श्री ईश्वर चौधरी :**
**श्री फूल चन्द वर्मा :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) चुनावों के दौरान 1971 में तथा उसके पश्चात् किन-किन व्यक्तियों अथवा पार्टियों को किस-किस तिथि को विमान अथवा हैलीकाप्टर किराये पर दिए गए,

(ख) प्रत्येक मामले में कितना-कितना था और उनमें से कितना-कितना किराया वसूल किया जाना अभी शेष है,

(ग) क्या चुनाव काल में सभी राजनीतिक दलों को हैलीकाप्टर किराए पर दिए जा सकेंगे, और

(घ) यदि हां, तो उसकी शर्तें क्या हैं ?

**रक्षा मंत्री ( श्री स्वर्ण सिंह ) :** (क) और (ख) 1971 में चुनावों के दौरान अथवा उसके पश्चात किसी व्यक्ति अथवा राजनीतिक पार्टी को कोई विमान अथवा हैलीकाप्टर किराए पर नहीं दिए गए। तथापि प्रधान मंत्री सरकार के प्रधान की हैसियत से, भारतीय वायु सेना के विमान को निर्धारित दर पर गैर-सरकारी प्रयोजनों के लिए उपयोग कर सकती है। 1971 के चुनाव के दौरान और उसके बाद विमान के उपयोग के बारे में वसूल योग्य कुल प्रभार 12,36, 403-27 रु० है। इसमें से प्रधान मंत्री द्वारा देय सारी राशि वसूल की जा चुकी है, जिसमें 1 66, 713-60 रु० शेष रह गए हैं जो विभिन्न राज्य सरकारों और प्रधान मंत्री के साथ यात्रा करने वाले समाचार एजेन्सियों के प्रतिनिधियों द्वारा की गई यात्रा के बारे में वसूल किये जाते हैं,

(ग) और (घ) जी नहीं श्रीमन्। प्रश्न नहीं उठता।

**Persons Prosecuted for Selling Adulterated Articles in the Capital**

518. SHRI N K SANGHI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY PLANNING be pleased to state

(a) the total number of persons prosecuted for selling adulterated food articles in the Capital during the last one year, and

(b) whether sellers of adulterated articles are only being prosecuted or their producers also and if not, the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AD FAMILY PLANNING (SHRI A. K M. ISHAQUE) (a) 738 prosecutions were launched for selling adulterated food articles in the Capital during the year 1973.

(b) The manufacturers/distributors concerned are also impleaded along with the retailers in case sealed and packed samples are found adulterated and proof of warranty etc. is available

**Malaria Cases in the Capital**

519 SHRI N K SANGHI:
SHRI R. P YADAV:
SHRI M S. PURTY
SHRI C K JAFFER SHARIEF:

Will the Minister of HEALTH AND FAMILY PLANNING be pleased to state:

(a) whether the number of malaria cases in the Capital have doubled as compared to figures for the last year;